दिन– शुक्रवार | दिनांक– 13 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी की। किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का किया आह्वान।

02 केंद्र सरकार ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद देश के किसी भी हिस्से में एलपीजी की कमी नहीं है।

03. पटना की एनआईए अदालत ने जबलपुर स्थित सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो से एके. सैंतालीस राईफल की चोरी के मामले में पांच दोषियों को दस–दस साल कारावास की सजा सुनाई।

04. और, बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। परिसर की बढ़ाई गयी सुरक्षा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित किये। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी गयी है। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना छोटे किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम बन चुकी है।

–––साउंड बाइट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जहां मिट्टी की उर्वरता बचेगी और रसायनों पर निर्भरता कम होगी वहीं, दूसरी ओर वैश्विक संकटों से भी खेती को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

–––साउंड बाइट–––

वर्तमान वैश्विक ऊर्जा संकट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में तेल उत्पादन क्षमता का अभूतपूर्व विस्तार किया है, जिससे आज भारत विश्व की ऊर्जा जरूरतों का भी ध्यान रख सकता है।

–––साउंड बाइट–––

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण देश में एलपीजी का आयात प्रभावित हुआ है। बावजूद इसके देश के किसी भी हिस्से में एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पच्चीस हजार एलपीजी वितरकों में से किसी के भी यहां स्टॉक खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

---साउंड बाइट---

श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश की रिफाईनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

---साउंड बाइट---

संयुक्त सचिव ने कहा कि राज्यों को अड़तालीस हजार किलो लीटर अतिरिक्त केरोसिन आवंटित की गयी है। राज्यों से केरोसिन वितरण के लिए जगह चिन्हित करने को कहा गया है।

---साउंड बाइट---

---

राज्य सरकार ने एलपीजी वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत गठित नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है – **शून्य छह एक दो दो दो तीन तीन शून्य पांच शून्य**। इस टेलीफोन नम्बर पर उपभोक्ता सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे तक एलपीजी की उपलब्धता, वितरण या इससे संबंधित किसी प्रकार की समस्या तथा शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस बीच, राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकार सात निश्चय–तीन के तहत लोगों के जीवन को आसान करने के लिए काम कर रही है। श्री कुमार आज समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा और खगड़िया में जनसंवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सात–निश्चय एक और दो के तहत राज्य में विकास के कई काम किये गए।

–––साउंड बाइट–––

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सहरसा हवाई अड्डे से जल्द ही हवाई सेवा की शुरूआत होगी।

–––साउंड बाइट–––

हमारे संवाददाता ने बताया कि सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पांच सौ बारह करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ पच्चीस और खगड़िया में तीन सौ चार करोड़ रूपये की लागत वाली तीन सौ उन्नीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने दोनों जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने महिला विद्यार्थियों और कर्मियों के लिए मासिक धर्म अवकाश संबंधी राष्ट्रव्यापी नीति की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि इस तरह से कोई भी महिलाओं को नौकरी नहीं देगा। साथ ही इस तरह के प्रावधान जानबूझकर महिला और पुरूषों के बीच भेद–भाव से जुड़ी पहले की धारणाओं को और मजबूत करेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि सक्षम प्राधिकरण इस पर विचार कर सकता है।

---

पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो से एके. सैंतालीस राईफल की चोरी और तस्करी के मामले में फैसला सुना दिया है। न्यायाधीश मधुकर सिंह ने इस मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए सभी को दस–दस साल कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, नौ अन्य को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। जिन दोषियों को सजा सुनाई गयी है, उनमें पूर्व सैनिक सुरेश ठाकुर, पुरूषोत्तम लाल रजक, नियाजुल रहमान, मोहम्मद ईमरान आलम और शमशेर आलम शामिल हैं। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार बारह में जबलपुर स्थित सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो से सैंतालीस एके. सैंतालीस राईफल की चोरी हुई थी। इन हथियारों को मुंगेर में अपराधियों और नक्सलियों के हाथों बेचा गया था।

---

बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई–मेल के जरिए मिली धमकी का संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर की सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इधर, धमकी मिलने के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने विधान मंडल परिसर की चप्पे–चप्पे की तलाशी ली। कहीं से किसी प्रकार का कोई विस्फोटक नहीं मिला है। विधान मंडल परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

---

बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन कल शपथ लेंगे। लोक भवन में आयोजित समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इधर, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने आज नगालैंड के तेईसवें राज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पश्चिम चंपारण के जिला गव्य विकास कार्यालय के क्षेत्र अधिकारी अनुराग अभिषेक को तीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी एक योजना की अनुदान की राशि जारी करने के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के डेल्वा गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी अजीत यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के पास से एक एके सैंतालीस राईफल, दो अन्य राईफल, भारी मात्रा में कारतूस, मैगजीन और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि अजीत यादव का नक्सलियों से संबंध है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। इधर, शिवहर पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे अंतर जिला अपराधी गिरोह के चार सदस्यों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया में सबसे अधिक चौवालीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया कि आज भी राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

———साउंड बाइट———

इधर, आज छत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

नालंदा के राजगीर में आज से तीन दिवसीय नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल की शुरूआत हुई। इस महोत्सव का उद्देश्य साहित्य, संस्कृति और वैश्विक विचार–विमर्श को एक मंच पर लाना है। महोत्सव में कई जाने–माने साहित्यकार, लेखक और पत्रकार शामिल हो रहे हैं।

---

नवरात्रि मेले को देखते हुए रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वलसाड–मुजफ्फरपुर और रक्सौल–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस समेत पांच जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर पांच मिनट का अस्थाई ठहराव निर्धारित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी की। किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का किया आह्वान।

02 केंद्र सरकार ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद देश के किसी भी हिस्से में एलपीजी की कमी नहीं है।

03. पटना की एनआईए अदालत ने जबलपुर स्थित सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो से एके. सैंतालीस राईफल की चोरी के मामले में पांच दोषियों को दस–दस साल कारावास की सजा सुनाई।

04. और, बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। परिसर की बढ़ाई गयी सुरक्षा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।